## गैंगस्टर नीरज उर्फ कातिया हत्याकांड से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई

# सोनीपत में 9 घंटे में दो एनकाउंटर 5 बदमाशों को पैर में लगी गोली

### खरखौदा कोर्ट के बाहर गैंगस्टर नीरज की हत्या के मामले में फरार चल रहे थे तीनों आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में पुलिस ने महज 9 घंटे के भीतर दो अलग-अलग एनकाउंटर कर अपराधियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाया। एंटी गैंगस्टर यूनिट और पुलिस टीमों की लगातार कार्रवाई में कुल पांच बदमाश गोली लगने से घायल हुए। खरखौदा कोर्ट परिसर के बाहर गैंगस्टर नीरज उर्फ कातिया की दिनदहाड़े हत्या के मामले में सोनीपत पुलिस की स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट ने गांव रेवली के पास एक मुठभेड़ के बाद तीन मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान झज्जर के गांव दूबलधन निवासी साहिल उर्फ नवनीत, साहिल उर्फ भाऊ तथा सोहन उर्फ काकू के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में तीनों आरोपितों के पैरों में गोली लगी है, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से तीन अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर को एसएजीयू प्रभारी अजय धनखड़ को सूचना मिली थी कि नीरज कातिया हत्याकांड के आरोपित मुरथल क्षेत्र में छिपे हुए हैं और किसी अन्य बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस इनपुट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने गांव रेवली के पास घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। संदिग्ध युवकों को देखकर जब पुलिस ने उन्हें रुकने और आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी, तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आरोपितों की ओर से करीब चार-पांच राउंड गोलियां चलाई गईं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते तीनों आरोपित पैर में गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें दबोच लिया गया।


सोनीपत। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपित साथ में पुलिस टीम।


सोनीपत। अस्पताल में उपचाराधीन आरोपित साथ में पुलिस टीम।

#### पुरानी रंजिश में वारदात

पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए की गई। आरोप है कि वर्ष 2009 में नीरज उर्फ कातिया ने नवनीत उर्फ साहिल के चाचा तकदीर की हत्या की थी। उसी का बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने साजिश में शामिल साहिल के पिता अवन उर्फ काला को भी गिरफ्तार किया है।

#### पेशी पर आया, मारी गोली

गुरुग्राम निवासी नीरज उर्फ कातिया 16 मई को दहेज मामले में पेशी के लिए खरखौदा आया था। कोर्ट से बाहर निकलते समय चार गोलियां चलाकर हत्या कर दी और फरार हो गए।

## भठगांव के पास की थी युवक की हत्या, मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**सोनीपत।** गांव भटगांव के पास शनिवार देर शाम फैक्ट्री से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात को अंजाम देकर भाग रहे दो सगे भाइयों को सीआईए-1 की टीम ने रविवार मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गांव जाजी के पास नेशनल हाइवे-352ए के निकट हुई इस मुठभेड़ में दोनों आरोपितों के पैरों में गोली लगी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि करीब पांच साल पहले हुई एक कोर्ट मैरिज को लेकर चल रही रंजिश के कारण इस हत्या को अंजाम दिया गया। गांव भटगांव निवासी नवीन ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि 26 वर्षीय भाई बिट्टू और गांव का ही रहने वाला सागर रतनगढ़ स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। भटगांव के खेतों के पास पहुंचे, तभी मोहित और उसके भाई प्रिंस ने सागर की आंखों में मिर्च पाउडर झोंककर सागर पर हमला कर दिया। रोकने की कोशिश की तो प्रिंस ने बिट्टू के सिर और हाथ में गोली मार दी। परिजनों ने बिट्टू को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों को मोहित और प्रिंस द्वारा हमला किए जाने की बात बताई।

# पूर्व मंत्री कमल गुप्ता के घर में आग

### घर में ही था परिवार, पत्नी व मां को पड़ोसियों की छत से उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। ड्राइंग रूम में लगी आग के समय पूर्व मंत्री का परिवार घर में ही था लेकिन गनीमत रही कि कोई जानी नुकसान या हताहत नहीं हुआ। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास के ड्राइंग रूम में रविवार सायं घर से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दी। अचानक हुई इस घटन से परिवार में हड़कंप मच गया और सभी तेजी से बचाव के लिए भागे। डॉ. कमल गुप्ता के अनुसार उनकी पत्नी और मां घर के दूसरे कमरे में थे, जिसके चलते वो अंदर ही फंस गए। आग तेजी से फैली और सीढ़ियों तक पहुंच गई। उनके निकलने का रास्ता ही नहीं बचा। तब उनको पड़ोसी की छत से नीचे उतारा गया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लगभग 20 से 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से ड्राइंग रूम में रखा फर्नीचर और अन्य सामान जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, इस हादसे में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ। मौके पर पुलिस और डायल-112 की टीम भी पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को ही वजह माना जा रहा है।


हिसार। ड्राइंग रूम में जला हुआ सामान व जानकारी देते डॉ. कमल गुप्ता।

# महाभारत अनुभव केंद्र में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र में रविवार दोपहर अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियों मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किया। बताया जाता हे कि केंद्र के बेसमेंट में लगी बैटरियों में धमाका हुआ जिसके बाद आग लग गई। आग के कारण बेसमेंट में धुआं ही धुआं हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग केंद्र के एक हिस्से में लगी, जिसके बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महाभारत अनुभव केंद्र करीब 206 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है और इसे आधुनिक तकनीक के माध्यम से महाभारत और गीता के इतिहास को दशार्ने के लिए विकसित किया गया है।


आग पर काबू पाते दमकलकर्मी।

#### समिति गठित, 3 दिन में रिपोर्ट देगी

ज्योतिसर स्थित महाभारत अनुभव केंद्र में आग लगने की घटना की जांच के लिए प्रशासन ने तथ्य जांच समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य होंगे और इसे 3 दिनों में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

### चाय विक्रेता से लूट का आरोपी पकड़ा

**फरीदाबाद।** चाय विक्रेता से लूट और चाकू मारने के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 ने एक आरोपी पुनित को गिरफ्तार किया है।


सेक्टर-62 निवासी प्रमोद पर 6 मई की सुबह तीन युवकों ने दुकान पर हमला कर 600 रुपये और आधार कार्ड लूट लिया था। जांच में पता चला कि पुनित अपने दो साथियों के साथ वारदात में शामिल था। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### नडाना-तरावड़ी रोड पर हादसा

## तरावड़ी में ट्रक चालक ने साइकिल सवार को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के में नडाना-तरावड़ी रोड पर शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार व्यक्ति की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के पीछे सड़क पर पड़े सरियों को मुख्य कारण बताया जा रहा है। मृतक की पहचान गांव काछवा के राय फार्म निवासी 42 वर्षीय बलजीत सिंह उर्फ रिंका के रूप में हुई है, जो एक राइस मिल में काम करता था और अविवाहित था। शनिवार देर रात वह साइकिल पर सवार होकर तरावड़ी से नडाना की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सडक़ पर पड़े सरियों से बचने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सडक़ पर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जैसे ही रिंका सडक़ पर गिरा, उसी समय पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। लोगों को एकत्रित होता देख ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। राहगीर सिंदर सिंह ने बताया कि सड़क किनारे दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है और सरियों को रखने से हादसा हुआ।


बलजीत सिंह

### कार सवार आधा दर्जन युवकों ने घर के गेट पर किए ताबड़तोड़ वार

**यमुनानगर।** गांव कैत में रंजिश के चलते एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर के गेट पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शिकायतकर्ता इसरार अली के अनुसार, गांव छोटा लापरा निवासी मोबिन से कुछ दिन पहले हुई कहासुनी के बाद यह विवाद बढ़ गया। 22 मई की रात आरोपी अपने आधा दर्जन साथियों के साथ कार में आया और तेजधार हथियारों से गेट पर वार किए। शोर मचने पर परिवार बाहर आया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। पुलिस ने जांच के बाद मोबिन को नामजद कर अन्य साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।हथियारों से उनके घर के गेट पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए। घर से बाहर निकले तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

### गुरुग्राम में गाड़ी हटाने को लेकर विवाद

## फल कारोबारी की सुआ घोंपकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

खांडसा अनाज मंडी में रविवार सुबह गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में आढ़ती ने फ्रूट कारोबारी की सुआ घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी ने ताबड़तोड़ कई वार किए और वारदात के बाद फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार, शिवाजी नगर थाना एरिया की खांडसा मंडी में फल कारोबारी भारत भूषण (55) रविवार सुबह फलों से लदा ट्रक पार्क करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी दुकान के अनार आढ़ती जय भगवान ने ट्रक को साइड में लगाने को कहा। इसी बात पर दोनों में बहस शुरू हो गई। हंगामा बढ़ने पर आसपास के आढ़ती भी जमा हो गए। बहस के बीच जय भगवान अचानक दुकान के अंदर गया और सुआ निकाल लाया। बाहर आते ही उसने भारत भूषण के पेट और छाती पर एक के बाद एक कई वार कर दिए। लोगों ने मुश्किल से जय भगवान को हटाया। भारत भूषण को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। वहीं वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और एफएसएल टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।



# 2.30 किलो अफीम सहित तस्कर गिरफ्तार

■ झारखंड से लेकर कुरुक्षेत्र तक फैले नेटवर्क का खुलासा

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 किलो 30 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इतना ही नहीं, पुलिस ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए नशीला पदार्थ मंगवाने वाले 2 अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी की पहचान सुलेमान मियां निवासी शिवला, जिला लातेहार, झारखंड के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 2 किलो 30 ग्राम अफीम बरामद की गई। 20 मई को पुलिस टीम एनएच-44 पर चिड़ियाघर के पास गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान सुलेमान मियां झारखंड से अफीम लाकर कुरुक्षेत्र में सप्लाई करने पहुंचा है एनएच-44 स्थित प्रतापगढ़ मोड़ पर दबिश दी, जहां संदिग्ध युवक को काबू किया गया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान सुलेमान मियां निवासी लातेहार, झारखंड के रूप में बताई। दो अन्य आरोपियों मुकंद खान निवासी रूड़की, जिला फतेहगढ़ साहिब, पंजाब तथा जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी हर नारायणपुर, यूपी को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जल ही जीवन है

### गर्म हवाओं से फूल झड़ रहे, मल्चिंग और ड्रिप सिंचाई अपनाने की सलाह

# हीटवेव से संकट में सब्जी फसलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

खास खबर

लगातार बढ़ रहे तापमान और राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण सब्जियों पर खतरा मंडराने लगा है। इन दिनों हीट वेव से खीरा, टमाटर, भिंडी के साथ-साथ बेल वाली सब्जियां घीया, तोरी, कद्दू जैसी फसल बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। गर्म हवाएं इन सब्जियों की फसल में फूल आने में बाधा डालती हैं। तीव्र गर्मी भी ऊपरी मिट्टी को तेजी से सुखा देती है, जिससे नमी की कमी हो जाती है जो पौधों की जड़ों पर दबाव डालती है। इससे पैदावार कम हो जाती है। पौधों के स्वास्थ्य पर सीधे प्रभाव के अलावा, अत्यधिक गर्मी कीटों और बीमारियों के लिए अनुकूल परिस्थितियों को भी बढ़ावा देती है। बागवानी विशेषज्ञों ने जलवायु-तनावग्रस्त वातावरणों में उत्पादकता बनाए रखने के लिए गर्मी-सहनशील, बेहतर मल्चिंग तकनीकों और कुशल सिंचाई शेड्यूलिंग की आवश्यकता पर बल दिया। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सब्जियों पर अभी तक 25 प्रतिशत ही नुकसान है। हालांकि हीट वेव लंबा चल रहा है। बीच-बीच में तापमान में कमी आ जाती है। अगर किसान थोड़ा सा भी सब्जियों की फसल पर ध्यान दें तो फसल को बचाया जा सकता है। सब्जी विशेषज्ञों का कहना है कि किसान छाया प्रबंधन पर जोर दें। बेलों पर 30 से 50 प्रतिशत छाया जाल लगाएं। लंबे पौधों के साथ अंतर-फसलः मक्की या सूरजमुखी आंशिक छाया प्रदान कर सकते हैं।


फतेहाबाद। झुलसी भिंडी दिखाता किसान।

#### ओवरहेड सिंचाई से बचें

सब्जियों को हीटवेव से बचाने के लिए किसान ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग अपनाएं। सुबह-शाम सिंचाई कर मिट्टी में नमी बनाए रखें। पंक्तियों को पूर्व-पश्चिम दिशा में रखें और ज्यादा यूरिया व ओवरहेड सिंचाई से बचें।

#### सुबह शाम सिंचाई करें

हीट वेव चलने से पहले ही प्याज व आलू की फसल निकाल ली गई है। अब बेलदार व पत्तेदार सब्जियां ही बची है, हीटवेव का 25 फीसदी सब्जियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आगे हीट वेव चलने की संभावना है। ऐसे में किसान अलसुबह व देर शाम को सिंचाई करें। यूरिया का कम प्रयोग करें ताकि नुकसान कम हो। -डॉ. श्रवण कुमार
जिला बागवानी अधिकारी

#### 7500 एकड़ में सब्जी की खेती

फतेहाबाद में 7500 एकड़ में सब्जी व बागवानी फसलों की खेती की गई है। करीब 3000 एकड़ में घीया, टमाटर, करेला, भिंडी, कद्दू और हरी मिर्च उगाई जा रही है, जबकि तरबूज-खरबूजा की फसल बाजार में पहुंच चुकी है।

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।


**विज्ञापन**

समग्र शिक्षा के तहत जिला सोनीपत में 47 STC for Out of School Children संचालित किये जाने के लिए शिक्षा स्वयंसेवकों को 6/9 माह के लिए आबन्द करने हेतू आवेदन आमंत्रित है। चयनित अभ्यार्थियों को HSSPP, Panchkula के मापदंडों के अनुरूप मानदेय प्रतिमाह 10000- रूपये दिया जायेगा। आवेदन के लिए QR code scan स्कैन करके रजिस्ट्रेशन करें जो 26.05.26 से 03.6.26 को सायं 4:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। अर्हता एंव विस्तृत दिशानिर्देश QR code में संकलित है।
**नोटः-** जिले में रह रहें 16 से 19 वर्ष आयुवर्ग के ड्राप आऊट बच्चों को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से ओपन स्कूलिंग सिस्टम के तहत 10वीं तथा 12वीं के फार्म भरवाने एवं सहायक शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए समग्र शिक्षा के तहत 2000/- प्रति छात्र सहायता राशि प्रदान की जायेगी । इच्छुक छात्र सम्बन्धित खण्ड परियोजना संयोजक/खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क करें।

SCAN TO REGISTER
BE AN EDUCATION VOLUNTEER IN SAMAGRA SHIKSHA SONIPAT

डी.पी.सी.
8 मरला मॉडल टाऊन,
सोनीपत

## शब्द पहेली - 6236



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

**शब्द पहेली- 6235 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | हा | भा | र | त | | प | र | वा | ना |
| त | न | | स्क | | मा | हि | र | | र | ग |
| न | | त | र | क | श | | ख | र | | वा |
| ब | न्ध | क | | | बी | वी | | न | ज | र |
| द | | दी | | दा | न | | फां | | ल | |
| न | ज | र | बं | द | | न | सी | ब | वा | ला |
| | रु | | दी | | म | न | | च | | प |
| श | री | र | | जं | हा | | | प | गा | र |
| रा | | न | म | | सा | ग | वा | न | | वा |
| फ | ल | | स | ज | ग | | च | | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | | र | द्द | क | र | ना | |



